

# टीका लगने के बाद दो बच्चों को उल्टी-दस्त, एक की मौत

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में टीका लगने के कुछ समय बाद दो बच्चे उल्टी दस्त के शिकार हो गए। परिजन तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उन्हें शहर के बाल चिकित्सालय भेजा, परंतु एक दस माह के बच्चे ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

**▸ दोपहर में लगाया गया था टीका, बाद में हुई परेशानी**

जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्र पर टीकाकरण किया जा रहा था। दोपहर करीब 12.30 बजे 10 माह का पियांशु पिता धर्मेंद्र मालवीय और डेढ़ वर्षीय नित्यांश पिता देवीलाल मालवीय को परिजन टीके लगवाने ले गए। टीका लगने के एक घंटे बाद प्रियांशु उल्टी दस्त करने के साथ जोर जोर से रोने लगा।

परिजन तुरंत नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र धराड़ पर ले गए, जहां से उन्हें बाल चिकित्सालय भेजा। बाल चिकित्सालय पहुंचने के पूर्व ही सालाखेड़ी चौकी पर बच्चे ने रोना बंद कर दिया।

परिजन जैसे तैसे पियांश को बाल चिकित्सालय लेकर आए, जहां डॉक्टर के काफी मशक्कत के बाद भी बच्चे को नहीं बचाया जा सका और बच्चे की मौत हो गई। वही, दूसरा बच्चा नित्यांश को भी उल्टी दस्त की समस्या होने लगी, जिसे परिजन दोपहर करीब 3 बजे बाल चिकित्सालय लाए, जहां डॉक्टर ने भर्ती कर उसका उपचार किया।

**विसरा की रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा:** जिले के ग्राम नयाखेड़ा में टीकाकरण के बाद बच्चे की मौत के मामले को स्पष्टीकरण देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने कहा कि विसरा की रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा। सीएचएमओ ने मिजल्स रुबेला वैक्सीनेशन के संबंध में बताया कि मिजल्स रुबेला वैक्सीनेशन ऐसी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से बच्चों में मिजल्स एवं स्वेला रोग से लड़ने के लिए बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। मिजल्स एवं स्वेला से होने वाली मृत्यु से बचाव के लिए वैक्सीनेशन एक कारगर कदम है। इसके दो टीके एम आर 1 एवं एम आर 2 के रूप में लगाए जाते हैं, जिसका पहला टीका 9 माह की आयु पूर्ण होने पर एवं दूसरा टीका बच्चों के डेढ़ वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लगाया जाता है। हर टीके की तरह बिना प्रतिकूल प्रभाव के इस टीकाकरण के बाद भी मामूली इफेक्ट जिसमें टीका लगने के बाद सूजन, बुखार आना सामान्य बात है, किंतु मिजल्स, रुबेला वैक्सीनेशन से मृत्यु होने संबंधी कोई घटना के प्रमाण नहीं है। प्रदेश में अन्य जिले या ब्लॉक के किसी भी प्रकरण में मृत्यु होने जैसी कोई घटना नहीं हुई है। मिजल्स स्वेला का जो वैक्सीन आंगनवाड़ी केंद्र नयाखेड़ा, धराड़ पर लगाया गया, इस वायल से अन्य चार बच्चों का भी वैक्सीनेशन किया गया, इनमे से एक बच्चा सर्दी खांसी बुखार के कारण बाल चिकित्सालय में भर्ती है और पूरी तरह स्वस्थ हैं।

**टीकाकरण से बच्चे की मौत के संबंध में स्पष्टीकरण**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे ने बताया कि वैक्सीन बच्चों में मिजल्स एवं रुबेला रोग से लड़ने के लिए बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। वैक्सीन आंगनवाड़ी केंद्र नयाखेड़ा, धराड़ पर लगाया गया। इस वायल से अन्य 4 बच्चों को भी वैक्सीनेशन किया, इनमे से एक बच्चा सर्दी खांसी बुखार के कारण बाल चिकित्सालय में भर्ती है और अन्य बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या नहीं है। जिस बच्चे की मृत्यु हुई है, उसका पोस्ट मार्टम कराया गया है। विसरा सुरक्षित रखा गया है। विसरा की रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# कवि-गोष्ठी और भजन-सत्संग कार्यक्रम

**▸ गुरुबारीय समन्वय सद्भाव सत्संग के सौजन्य से हुआ आयोजन**



**रतलाम/ रावटी ।** गुरुबारीय समन्वय सद्भाव सत्संग रावटी के सौजन्य से विगत दिवस जुझार बावजी मंदिर परिसर के मांगलिक भवन (बगीचे) रावटी में दिन में कवि-गोष्ठी एवं रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष रावटी ग्राम के निवासी सेवानिवृत्त एडीएम नरेन्द्र सिंह राजावत एवं मुख्य अतिथि रामाश्रम-सत्संग रावटी के संचालक गुरुप्रसाद जोशी तथा विशेष अतिथि डॉ. सुरेश ठाकुर (सालिब), डॉ. मोहन परमार, दिनेश जैन, हरिशंकर भटनागर तथा अमृतलाल विशेष अतिथि रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन पंडित हरीश ठक्कर ने किया। काव्य गोष्ठी में गीतकार हरिशंकर भटनागर, गजलकार सुरेश ठाकुर, डॉ. मोहन परमार, दिनेश जैन, राजेश रावल, शांतिलाल गोयल, हीरालाल खराड़ी एवं बाबूलाल परमार, कन्हैयालाल टांक, पंडित धीरेन्द्र भट्ट आदि ने धार्मिक, आध्यात्मिक व साहित्यिक काव्य-रचनाएँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में काव्य-रसिक श्रेणिक कुमार चत्तर, सूरजमल जैन, चम्पालाल परमार, मनीष यादव लाभ, ज्योति प्रकाश पुरोहित, बाबूलाल लखारा, ईश्वरलाल परमार, विजयसिंह चौहान, पन्नालाल चौहान, अशोक टांक, ओमप्रकाश टांक, आत्माराम प्रजापति, राजेश प्रजापति, मोहनसिंह गुर्जर, जमनालाल जाट, गोपाल माली आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### रतलामी सेव उद्योग को मिलेगा बढ़ावा, ओडीओपी अंतर्गत जानकारी की जा रही संकलित

**रतलाम।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अतुल वाजपेयी ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) अंतर्गत रतलाम जिले के लिए चयनित रतलामी सेंव के निर्माण को बढ़ावा देने व उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार एवं उक्त उत्पाद की बिक्री को बढ़ावा देने तथा निर्यात की संभावना हेतु जिले में कार्यरत रतलामी सेव निर्माण इकाईयों की जानकारी का संकलन जिला व्यापार केन्द्र रतलाम मे किया जा रहा है। समस्त निर्माता इकाईयां अपने उद्यम की जानकारी 15 मार्च 2026 तक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रतलाम में उपस्थित होकर उपलब्ध करा सकते है।

### ई-उपार्जन पोर्टल पर चना और मसूर फसल के लिए हो सकेगा पंजीयन 16 मार्च तक

**रतलाम।** उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास नीलम सिंह चौहान ने बताया कि जिले के किसान ई-उपार्जन पोर्टल पर रबी वर्ष 2025-26 में चना एवं मसूर फसल के पंजीयन करवाकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ले सकते हैं। किसान चना एवं मसूर फसल का पंजीयन ग्राम पंचायत-जनपद पंचायत में स्थापित सुविधा केन्द्रों, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों तथा सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र एवं एमपी किसान एप पर पंजीयन की निः शुल्क व्यवस्था है। चना एवं मसूर फसल का पंजीयन जिले के निर्धारित 64 पंजीयन केन्द्रों पर कार्यालयीन समय में ई-उपार्जन पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन करवा सकते हैं। किसान के विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नंबर, बैंक खाता, मोबाइल नंबर में किसी प्रकार के परिवर्तन-संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज प्रमाण स्वरूप (जिनको देखकर पंजीयन किया जा सके) पंजीयन केन्द्र पर लाना होंगे। जिन किसानों द्वारा विगत रबी एवं खरीफ में पंजीयन नहीं कराया था एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर उनका डाटाबेस उपलब्ध नहीं है। ऐसे किसानों को समिति स्तर पर पंजीयन हेतु आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, मोबाइल नंबर, भू-अभिलेख एवं निर्धारित प्रारूप में आवेदन पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराना होगा। किसान चना एवं मसूर फसल के पंजीयन 20 फरवरी से 16 मार्च तक करवा सकते है।

### 'जहर-मुक्त खेती' का संदेश, आत्मा परियोजना की किसान संगोष्ठी में जुटे आसपास के 60 किसान



**जावरा।** प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने और रासायनिक दवाओं के दुष्प्रभाव से किसानों को बचाने के उद्देश्य से गुरुवार को गांव धामेडी में आत्मा परियोजना अंतर्गत किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम किसान नेता दिलीप पाटीदार के फार्म हाउस पर आयोजित हुआ, जिसमें पिपलोदा तहसील सहित आसपास के कई गांवों के किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगोष्ठी में कृषि विज्ञान केन्द्र कालुखेड़ा के डॉ. सी.आर.सी. कटवा व डॉ. रामधन घासवा, आत्मा परियोजना ब्लॉक पिपलोदा के अधिकारी हेमेंद्र मेहसन, कृषि विभाग के एसडीओ बृजमोहनसिंह सोलंकी, पशुपालन विभाग से योगेंद्र गोयल, उद्यानिकी विभाग के प्रवीण जायसवाल, ग्राम सेविका गितांजली बरगोटा, वन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी विवेक सिंह राठौर, कृषि समिति अध्यक्ष राधेश्याम जाट तथा जनपद सदस्य गोपाल मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं, पशुपालन, उद्यानिकी व प्राकृतिक खेती से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी दी तथा योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई। किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनी गई। इस दौरान आत्मा परियोजना के अधिकारी हेमेंद्र मेहसन ने खेत पर ही प्रयोगात्मक प्रदर्शन करते हुए जीवामृत, बीजामृत और नीमास्त्र बनाने की विधि समझाई तथा बताया कि कम लागत में प्राकृतिक तरीके अपनाकर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाई जा सकती है और उत्पादन भी सुरक्षित रहता है। पिपलोदा तहसील के आम्बा, बडायला माताजी, अयाना, नोलखा, आजमपुर डोडिया, कंसेर, रियावन व धामेडी सहित विभिन्न गांवों से लगभग 60 किसान संगोष्ठी में शामिल हुए। इनमें कई किसान 2 वर्ष से लेकर 35 वर्ष तक से जैविक खेती कर रहे हैं। राजेन्द्रसिंह (आम्बा), कुलदीप सिंह राणावत (अयाना), पुष्कर धाकड़ (रियावन) व बलराम माली (धामेडी) सहित अनेक प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में किसान नेता दिलीप पाटीदार ने सभी अतिथियों व किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रासायनिक खेती से मिट्टी और स्वास्थ्य दोनों को नुकसान हो रहा है, इसलिए प्राकृतिक खेती ही भविष्य की सुरक्षित खेती है।

# कलेक्टर ने किया हैंडबाल-व्हालीबाल सिंथेटिक कॉर्ट का उद्घाटन

**▸ नवोदय विद्यालय आलोट में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक**



**नवभारत न्यूज**

**आलोट।** स्थानीय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट जिला रतलाम 2 मध्य प्रदेश में विद्यालय की प्रबंधन समिति, सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय मेस समिति की बैठक जिला कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।साथ ही विद्यालय में आई सी आई सी आई फाउंडेशन द्वारा निर्मित हैंडबाल एवं व्हालीबाल सिंथेटिक कॉर्ट का उद्घाटन भी कलेक्टर ने किया।

कलेक्टर व अन्य अधिकारियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य शांतिलाल तेली एवं उप प्राचार्या सुचिता खुराना द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया। तत्पश्चात कलेक्टर द्वारा विद्यालय के अकादमिक परिसर में विभिन्न प्रयोगशाला स्किल डेवलपमेंट,अटल टैंकरिंग लेब, सैमसंग लेब, कंप्यूटर लेब, सुव्यवस्थित कार्यालय, डिजिटल कक्षाओं एवं पुस्तकालय का निरीक्षण कर विद्यालय प्रबंधन, सलाहकार एवं मेस समिति की बैठक की अध्यक्षता की गयी। बैठक में विद्यालय प्राचार्य शांतिलाल तेली द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत कर विद्यालय का परिचय एवं विभिन्न गतिविधियों तथा उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर ने की। विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की निर्णय लिया।

उन्होंने कचरा निपटान हेतु 1 महीने में नगर पालिका आलोट को एकत्र कर ट्रेंचिंग मैदान तक पहुंचाने, बालिका छात्रावास तार फेंसिंग का एस्टीमेट तैयार करने, वन विभाग को सामाजिक वानिकी विभाग द्वारा 5000 पौधे लगाने के निर्देश दिए।

# स्वयंसेवी संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक

**रतलाम।** म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा जिला पंचायत सभागृह रतलाम में स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन के आधार पर किए जा रहे सर्वांगीण ग्राम विकास कार्यों की समीक्षा हेतु नवांकुर स्वयंसेवी संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बैठक में जिले के सभी विकासखंडों के समन्वयक, नवांकुर स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, सीएम इंटर्न एवं परिषद के जिला समन्वयक उपस्थित थे। जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय,विकासखंड समन्वयक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने अपनी बात रखी। लेखापाल सहलिपिक महावीर दास बैरागी द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओ के गठन, संचालन, दस्ताजवेजीकरण और शासन की योजनाओं के विस्तार हेतु प्रशिक्षण, वित्तीय प्रावधानों, दस्तावेजीकरण एवं प्रतिवेदन निर्माण के तकनीकी पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

# नवीन सत्र के लिए प्रबंधन समिति का गठन किया

**रतलाम।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रतलाम शाखा के नवीन सत्र 2026-27 के लिए प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर सीए आकाश मित्तल को शाखा का 17वें चेयरमैन के रूप में निर्वाचित किया गया, वहीं सीए यश जैन को सचिव चुना गया। नवगठित टीम में सीए दीपेश जैन को उपाध्यक्ष, सीए पराग जैन को कोषाध्यक्ष, सीए शगुन बड़जात्या को ष्ट्रद्बष्ट्र चेयरमैन तथा सीए मोहित श्रीमाल इमीडिएट पास्ट चेयरमैन के रूप में दायित्व सौंपा गया है। नवनिर्वाचित चेयरमैन सीए आकाश मित्तल ने कहा कि शाखा में सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण सेमिनार, कार्यशालाएं एवं प्रोफेशनल डेवलपमेंट कार्यक्रमों का आयोजन प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने कहा कि आगामी सत्र में शाखा का उद्देश्य केवल एकेडमिक गतिविधियों तक सीमित न रहकर सदस्यों एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने बताया कि शाखा द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियों एवं वर्क-लाइफ बैलेंस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि सदस्य अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों के साथ स्वस्थ एवं संतुलित जीवन शैली अपना सकें। साथ ही शाखा की ब्रांड वैल्यू को सुदृढ़ करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सेमिनार, इंडस्ट्री इंटरैक्शन, सोशल आउटरीच प्रोग्राम, डिजिटल प्रेजेंस को मजबूत करना तथा समाजोपयोगी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया जाएगा। सचिव सीए यश जैन ने कहा कि शाखा में आयोजित होने वाली सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। चेयरमैन सीए शगुन बड़जात्या ने अपनी बात रखी। नव-निर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दी।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के 8वें जन औषधि दिवस पर लगेगा विशाल स्वास्थ्य शिविर

**▸ हजारों में होने वाली जांच होगी मात्र 100 रुपए में**

**रतलाम।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर आठवें जन औषधि दिवस के अवसर पर 1 मार्च 2026 को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर का उद्देश्य आमजन को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

केन्द्र के संचालक कमल पाटीदार ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। इनमें डॉ. इन्द्रेश पाटीदार (मधुमेह व हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. दिनेश भूरिया (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. अजय पाटीदार (नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. जितेन्द्र वर्मा (आयुर्वेद एवं पंचकर्म विशेषज्ञ) सेवाएं देंगे। शिविर में ब्लड शुगर, किडनी के लिए क्रिएटिनिन, प्रोटीन, न्यूरोपैथी, लिवर जांच (एसजीपीटी/एसजीओटी), कोलेस्ट्रॉल, फेफड़ों की जांच (स्पाइरोमेट्री) और सुनने की जांच (ऑडियोमेट्री) जैसी जांचें 2500 रुपये की जगह मात्र 100 रुपये में उपलब्ध होंगी। जन औषधि दिवस के अंतर्गत जन जागरण अभियान, जन औषधि संकल्प यात्रा एवं स्वास्थ्य मेले जैसी गतिविधियां भी होंगी।

# त्योहारों के मद्देनजर रतलाम पुलिस अलर्ट मोड पर

**▸ प्रमुख मार्गों पर पुलिस ने किया फ्लैगमार्च**



**सैलाना।** पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियो एवं थाना प्रभारियों को आदतन अपराधियों, गुंडा सूची में दर्ज हिस्ट्रीशीटर बदमाशों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए है।

इसी तारतम्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम विवेक कुमार लाल एवं एसडीओपी सैलाना मति नीलम बघेल के मार्गदर्शन में दिनांक 25 फरवरी को थाना सैलाना अंतर्गत चौकी धामनोद पर 8 हिस्ट्रीशीटर बदमाशों एवं थाना सैलाना पर 15 हिस्ट्रीशीटर बदमाशों को थाने पर बुलाकर गुंडा परेड कराई गई। गुंडा परेड के दौरान अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी द्वारा थाने के गुंडा रजिस्टर में दर्ज गुंडे, हिस्ट्रीशीटर, किसी भी अवैधानिक गतिविधियों का हिस्सा नहीं बनने की समझाइश देकर रुकसत किया।

सभी को हिदायत दी गई कि प्रत्येक माह की 1 तारीख को थाना पर हाजिरी देगे। कही भी बाहर मजदूरी करने जायेगे तो इसके संबंध में सूचना थाना पर देनी होगी। दो दिन में कुल 23 हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की गुंडा परेड करवाई। एसडीओपी सैलाना नीलम बघेल द्वारा थाना सैलाना पहुंचकर चेक रोल कॉल बजवाया। उपस्थित थाना स्टाफ को पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत करवाया गया।

**त्योहारों के दृष्टिगत फ्लैग मार्च निकाला**

त्यौहारों के चलते नगर में पूरी तरह से पुलिस सक्रिय और सख्त हैं। संदिग्धों पर नजर रखी जा रही हैं। वहीं आगामी त्योहारों होली, धुलेंडी, रंगपंचमी, रमजान आदि के दृष्टिगत सैलाना नगर के प्रमुख मार्गों पर सैलाना पुलिस द्वारा फ्लैगमार्च निकाला गया। फ्लैगमार्च में एसडीओपी सैलाना नीलम बघेल, थाना प्रभारी सैलाना निरीक्षक पिंकी आकाश, चौकी प्रभारी धामनोद उप निरी आनंद बागवान सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे ।

# तालाब निरस्तीकरण पर विधायक डोडीयार ने विधानसभा में उठाया सवाल

**▸ मामला -सांसद द्वारा अन्यत्र क्षेत्र में तालाब निर्माण पैरवी का**



**सैलाना।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायक कमलेश्वर डोडियार ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को अधूरे विकास कार्यों और तीन स्वीकृत तालाबों के निरस्तीकरण के मुद्दे पर घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद अनीता नागरसिंह चौहान के हस्तक्षेप से सैलाना क्षेत्र के साथ भेदभाव हुआ।

प्रश्नकाल के दौरान विधायक ने बाजना जनपद में लंबित सीसी रोड और ट्यूबवेल कार्यों की धीमी प्रगति पर सवाल उठाए। मंत्री ने जवाब में कहा कि वित्त आयोग की राशि सीधे ग्राम पंचायतों को मिलती है और अंतिम किस्त आने के बाद रुके काम पूरे होंगे।

विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि बोरदा, पटड़ी केलदा और बर्डिया आमलीपाड़ा के स्वीकृत तालाब रद्द कर अन्यत्र स्थानांतरित किए गए। मंत्री ने मामले की जांच का आश्वासन दिया। दस्तावेजों के अनुसार, 26 जून 2025 को सांसद द्वारा जिला पंचायत रतलाम को पत्र लिखकर तीन तालाबों को भूमि/तकनीकी कारणों से निरस्त कर वैकल्पिक कार्य स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया था। विधायक ने रद्द तालाबों को बहाल करने या सैलाना में ही समकक्ष जल संरचनाएं बनाने की मांग की है।

# सुजापुर में ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन

**जावरा।** समीप स्थित ग्राम सुजापुर में स्थित स्वयंभू आदि शक्ति पीठ श्री अम्बेमाताजी (पहाड़ी वाली) मंदिर में एक विशाल एवं ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन होने जा रहा है।

मंदिर परिसर में संत कुटी निर्माण हेतु भव्य शिलान्यास एवं भूमि पूजन समारोह का आयोजन गुरुवार, 26 फरवरी 2026 को बड़े श्रद्धा-उत्साह के साथ किया जाएगा। इस पावन अवसर पर देश-प्रदेश के अनेक संत-महात्मा, गुरुजन, भक्तगण एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वेद-मंत्रों, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भूमि पूजन कर संत कुटी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा, जो भविष्य में साधु-संतों के प्रवास एवं धार्मिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। आयोजन में दोपहर 2 बजे श्रीसंत, महंत और गुरुजनों के आर्शीवचन होंगे, शाम 4 बजे संत कुटी शिलान्यास होगा। शिलान्यास उपरांत भोजन प्रसादी का आयोजन रहेगा। कार्यक्रम भीमाशंकर शास्त्री (धारियाखेड़ी वाले) के सान्निध्य एवं जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

# 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

**▸ समापन, जागरूकता संदेशों से गूंजा गांव**

**जावरा।** प्राचार्य डॉ. ए. जी. पठान के मार्गदर्शन में भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (रा.से.यो.) इकाई द्वारा ग्राम हरिया खेड़ा में आयोजित सात दिवसीय आवासीय शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन सत्र में प्राचार्य प्रतिनिधि डॉ. विद्या तिवारी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि ऐसे शिविर व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने पूर्व सफल स्वयंसेवकों के उदाहरणों के माध्यम से शिविर में सहभागिता के लाभ समझाए। विशेष अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रमोद रावल ने सभी शिविरार्थियों को सफलतापूर्वक शिविर पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दीं, वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला संगठक श्री एस. एस. मौर्य ने शिविर की गतिविधियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्वयंसेवकों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित किया।

**दिए जनजागृति के संदेश:** शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव में प्रभात फेरियों के माध्यम से बाल-विवाह निषेध, नशा मुक्ति और मतदान जागरूकता का संदेश घर-घर पहुंचाया। इसके साथ ही देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण, वाद-विवाद तथा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

## एक नजर

**हारे का सहारा के जयघोष, पुष्प वर्षा और भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालु झूमते रहे**

# बाबा श्याम की भव्य फाग यात्रा निकली, गुलाल-अबीर और जयकारें गूंजे



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** श्री श्याम मित्र मंडल जावरा द्वारा फाल्गुन माह के पावन अवसर पर तीन दिनी फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। महोत्सव के पहले दिन मंडल द्वारा भव्य फाग यात्रा आज पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ नगर में निकाली गई। सजे-धजे रथ पर विराजित बाबा श्याम की मनोहारी झांकी के साथ यात्रा प्रारंभ हुई तो मार्ग जयकारों और ढोल-ताशों की धुन से गूंज उठा। श्रद्धालु हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के उद्घोष लगाते हुए गुलाल-अबीर उड़ाते चल रहे थे।

श्री श्याम मित्र मंडल अध्यक्ष बंटी वर्मा और सचिव मनोज अग्रवाल ने बताया कि यात्रा की शुरुआत गीता भवन से विधिवत पूजा-अर्चना और महाआरती के बाद हुई। इसके पश्चात शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और समाजजनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, वहीं कई स्थानों पर शीतल पेय और प्रसादी की व्यवस्था भी की गई। फाग यात्रा में महिलाओं ने मंगल गीत गाए, वहीं युवाओं ने निशान लेकर नृत्य करते हुए भागीदारी निभाई। भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत श्याम भजनों पर भक्त झूम उठे और वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बन गया। रंग-गुलाल से सराबोर श्रद्धालु पूरे रास्ते नाचते-गाते चलते रहे। यात्रा के पुनः मंदिर परिसर पहुंचने पर महाआरती की गई तथा बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। आयोजन समिति और स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा।